प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 14.02.2026**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>**

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– धमतरी में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर आज हुई सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ के तीन जवान सहित चार लोगों की मौत।

2– केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की बस्तरिया बटालियन के जवानों ने आज जगदलपुर में मनाया पुलवामा शहीद स्मृति दिवस।

3– सरगुजा जिले में चल रहा है मैनपाट महोत्सव–आज दूसरे दिन भी हो रहे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम।

4– बीजापुर और सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बनाए गए छह स्मारकों को किया ध्वस्त।

## दुर्घटना

धमतरी जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीस पर आज हुई सड़क दुर्घटना में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हो गई। जिले के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन के ये जवान कार द्वारा जगदलपुर से रायपुर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान खपरी बायपास के समीप उनकी कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई।

हादसे में जिन जवानों की मौत हुई है, उनमें सहायक उपनिरीक्षक उमेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश कुमार, आरक्षक राजकुमार गौड़ और वाहन चालक हीरालाल नागर शामिल हैं। दुर्घटना में घायल एक अन्य जवान अभिमान राय को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस दुर्घटना में कोबरा बटालियन के जवानों के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

वहीं, बालोद जिले में भी दल्लीराजहरा थाना क्षेत्र के जमही टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक से एक मोटरसाइकिल के टकरा जाने से उसमें सवार तीन युवकों की मौत हो गई।

उधर, दुर्ग जिले के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन पर बीती रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवती की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

## पुलवामा–स्मृति दिवस

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की बस्तरिया बटालियन के अधिकारियों और जवानों द्वारा आज जगदलपुर में पुलवामा शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट हरविन्दर सिंह ने शहीद जवानों को स्मरण करते हुए कहा कि यह दिन जवानों के शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। आज के दिन ही वर्ष दो हजार उन्नीस में कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के चालीस जवानों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। कमाण्डेन्ट ने कहा कि सीआरपीएफ का इतिहास गौरवशाली रहा है और पुलवामा की इस घटना ने देश की सुरक्षा के प्रति संकल्प को और भी मजबूत किया है।

**<u>केन्द्रीय मंत्रिमंडल–मंजूरी–01</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर का उद्‌घाटन किया। सेवा तीर्थ में पहले दिन कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें पीएम राहत योजना को मंजूरी, लखपति दीदियों के लक्ष्य को दोगुना करके छह करोड़ रुपए, कृषि बुनियादी ढांचा कोष को दोगुना करके दो लाख करोड़ रुपए और स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स के दूसरे चरण को दस हजार करोड़ रुपए की निधि की मंजूरी शामिल है। श्री मोदी ने किसानों, महिलाओं, युवाओं और संकटग्रस्त नागरिकों से संबंधित महत्वपूर्ण फाइलों पर हस्ताक्षर किए।

**<u>केन्द्रीय मंत्रिमंडल–मंजूरी–02</u>**

केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि कल साउथ ब्लॉक में मंत्रिमंडल की आखिरी बैठक हुई थी। नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवा तीर्थ में होंगी।

मंत्रिमंडल की बैठक में एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड के शुभारंभ को भी मंजूरी दी गई। यह अनुदान–आधारित वित्तपोषण के स्थान पर बाजार–आधारित, सुधार–संचालित और परिणाम–उन्मुख अवसंरचना निर्माण की ओर देश के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।

**श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कैबिनेट में अर्बन चैलेंज फंड को स्वीकृति दी है। यह 1,00,000 करोड़ रूपीस का प्रोजेक्ट है। इसमें बहुत इन्नोवेटिव एक मेथड लगाया जाएगा। इस एक लाख करोड़ के सरकार के इन्वेस्टमेंट से टोटल चार लाख करोड रुपए का इन्वेस्टमेंट आएगा अर्बन एरियाज के लिए। अर्बन प्रॉब्लम्स को सॉल्व करने के लिए इसमें इनकरेज किया जाएगा । टेक्नोलॉजी का बहुत यूज किया जाएगा। टेक्नोलॉजी के माध्यम से अर्बन चैलेंजेज को कैसे दूर करें वह बहुत इसमें ध्यान रखा जाएगा।**

**<u>मैनपाट–महोत्सव/जाज्वलयदेव लोक महोत्सव</u>**

सरगुजा जिले के मैनपाट में तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल इस महोत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मैनपाट में पर्यटन के विकास के लिए एक करोड़ रुपए तथा सीतापुर में बस स्टैंड के निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सरगुजा जिले में लगभग पांच सौ तेईस करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समारोह सरगुजा की संस्कृति, अस्मिता को दिखाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। सरगुजा की संस्कृति से देश–दुनिया के लोग परिचित होंगे।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

इस बीच, जांजगीर में आयोजित तीन दिवसीय जाज्वलयदेव लोक महोत्सव का समापन हो गया है। समापन समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री खुशवंत साहेब शामिल हुए। इस दौरान लोक गायिका आरु साहू सहित विभिन्न कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

**मुख्यमंत्री–जी रामजी योजना**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि मनरेगा के स्थान पर केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया विकसित भारत – जी रामजी अधिनियम अधिक प्रभावी है। इस अधिनियम के अंतर्गत ग्रामीण विकास कार्यों का निर्धारण ग्रामसभा के माध्यम से किया जाएगा। ग्रामवासी स्वयं यह तय करेंगे कि उनके गांव में प्राथमिकता के आधार पर कौन–कौन से कार्य किए जाएं।

**गृहमंत्री–प्रेसवार्ता**

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि सरकार बस्तर में शांति के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। नक्सलवाद के खात्मे के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस वर्ष इकतीस मार्च तक का समय निर्धारित किया है, जिस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार अडिग है।

श्री शर्मा ने कल नवा रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में राज्य सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में बंदूक दिखा कर भय और हिंसा फैलाने वालों का कोई स्थान नहीं है। शासन का प्रयास है अधिक से अधिक माओवादियों का पुनर्वास कराया जाए। इसके लिए सरकार द्वारा रेडियो और अन्य माध्यमों से पुनर्वास संदेश जारी किए जा रहे हैं।

**एनएसपीसीएल सीईओ–बैठक**

एनटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड–एनएसपीसीएल के सीईओ दिवाकर कौशिक ने दुर्ग जिले के पुरैना स्थित संयंत्र में भिलाई इस्पात संयंत्र और एनएसपीसीएल के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने भविष्य की योजनाओं में सौर ऊर्जा और सुरक्षा पहलों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने भिलाई में निर्माणाधीन इकाइयों के कार्यों का भी अवलोकन किया।

इस मौके पर श्री कौशिक ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में कंपनी के विस्तार और भविष्य की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। एनएसपीसीएल, पारंपरिक कोयला आधारित बिजली से हटकर नवीकरणीय ऊर्जा की ओर कदम बढ़ा रही है।

**माओवादी स्मारक ध्वस्त**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत आज अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पांच माओवादी स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है। केन्द्रीय सुरक्षा बल के जवानों द्वारा तर्रेम थाना क्षेत्र के मंडीमरका में

एक, उसूर थाना क्षेत्र के मारूड़बाका, पाउरगुड़ा और सिंगनपल्ली के जंगल क्षेत्र में चार माओवादी स्मारकों को नष्ट किया गया है।

वहीं, सुकमा जिले के बुर्कलंका में माओवादियों द्वारा बनाए गए स्मारक को भी सीआरपीएफ जवानों ने बुलडोजर की मदद से धराशायी कर दिया है।

## जिले की चिट्‌ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्‌ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बस्तर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

–बिलासपुर जिले के चकरभाठा तेलसरा में एयरपोर्ट के पास सेना की जमीन से अवैध मुरुम खुदाई के मामले में हाईकोर्ट ने खनिज विभाग को कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

–नारायणपुर के जवाहर नवोदय विद्यालय में यूनेस्कों के सहयोग से फीफा के "फुटबॉल फॉर स्कूल्स अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान आमंत्रित विद्यालयों को फुटबॉल वितरित किए गए।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>